बिहार में राजगीर महोत्सव की हुई शुरुआत

चर्चा में क्यों?

30 नवंबर, 2023 को बिहार में राजगीर महोत्सव की शुरुआत हुई। इसका उद्घाटन बिहार के वित्त एवं वाणिज्य कर मंत्री विजय कुमार चौधरी ने किया।

प्रमुख बिंदु

- पर्यटन विभाग एवं ज़िला प्रशासन नालंदा के सौजन्य से राजगीर महोत्सव का आयोजन 30 नवंबर से 2 दिसंबर, 2023 के बीच स्टेट गेस्ट हाउस मैदान में किया जा रहा है।
- इस अवसर पर महिला महोत्सव, व्यंजन मेला, पुस्तक मेला, विभिन्न खेल प्रतियोगिता, दंगल प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक, विभिन्न विभागों के स्टॉल, विभागीय प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा।
- सांस्कृतिक कार्यक्रम में मगध कला सांस्कृतिक केंद्र की तरफ से भागीरथ की गंगा नृत्य नाटिका, ऐश्वर्य निगम, दीपाली सहाय का संगिगि कार्यक्रम होगा।
- इस महोत्सव के अवसर पर 7 दिवसीय ग्राम श्रीमेला का आयोजन 6 दिसंबर, 2023 तक होगा।
- विदित है कि वर्ष 1986 में राजगीर महोत्सव की शुरुआत की गई थी।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rajgir-mahotsav-started-in-bihar